# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर–दिसम्बर 2023

**परीक्षा का नाम :** विशारद पूर्ण (प्रथम प्रश्नपत्र)

**विषय : तबला-पखावज**

दि. 19/11/2023 समय : 3 घंटे (सुबह 9 से 12) कुल अंक : 75

**सूचना :** 1) प्रथम प्रश्न अनिवार्य है ।
2) कोई पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
3) सभी प्रश्न के अंक समान है ।

**प्र.1.** सूचना अनुसार लिपिबद्ध करें। (कोई 3) (5x3=15)

1. 'तकतिरकिटधातीधा' इस बोलपंक्ति का उपयोग कर के 10 मात्रा की ताल में एक दमदार तथा एक बेदम तिहाई लिपिबद्ध करें। (केवल जाति बदल कर सकते है, बोलपंक्ति नही।)
2. आडाचौताल में फरशबंदीयुक्त पेशकार लिपिबद्ध करे। (4 पलटे व तिहाई सहित)
3. किसी भी ताल में एक त्रिपल्ली और चौपल्ली गत।
4. 14 मात्रा की ताल में एक दमदार तथा एक बेदम तिहाई सम से सम तक। (पं.पलुस्कर ताललिपि में)
5. किसी भी ताल में एक फरमाईशी चक्रदार लिखें तथा उसी चक्रदार का कमाली में परिवर्तन करते हुए वह चक्रदार लिखिए।

**प्र.2.** **निम्नलिखित संज्ञाओं का भेद स्पष्टीकरण सोदाहरण समझाइए। (कोई 3)** (5x3=15)

1. गत– अनागत
2. लग्गी– लड़ी
3. साधारण चक्रदार– बेदम चक्रदार
4. कमाली चक्रदार – फरमाईशी चक्रदार

प्र.3. अ) बहुविकल्पिय प्रश्न। (10)

1. सशब्द, निशब्द ----- है।

अ) क्रिया ब) यति क) कला

2. $\frac{1}{7}$ मात्रा के लिए पं. पलुस्कर पध्दतीमें कौनसा चिन्ह है ?

अ)  ब)  क) कोई नही

3. 'रेला' के विस्तार में निम्नलिखित में से कौनसी क्रिया का उपयोग होता है?

अ) रौ ब) बल–पेंच क) लौट–पलौट

4. 3/4 लयकारी यानी ----- ?

अ) पोन गुन ब) देड़ गुन क) पौने दो गुन

5. निम्न में से कौनसा 'गत' का एक प्रकार है?

अ) फरमाईशी गततुकडा ब) कमाली

क) तिहाई गत

6. कायदे के रियाज हेतु कौनसी रियाज पद्धति महत्त्वपूर्ण है?

अ) मुरक्का ब) चिल्ला क) इनमें से कोई नहीं

7. कमाली चक्रदार में दुसरे पल्ले के तिहाई का कौनसा 'धा' सम पर आता है?

अ) 5 वा ब) 14 वा क) 27 वा

8. 10 मात्रा ताल की तिस्त्र जाति रचना कौनसी मात्रा के ताल में चतुस्त्र जाति के रुप में प्रस्तुत होगी?

अ) 15 ब) 9 क) 12

9. बिआड़ लयकारी यानी ----- ?

अ) मिश्र जाति ब) 7 में 4 क 4 में 7

10. गत अंग से बजाये जाने वाले 'रेला' को क्या कहते है?

अ) गतांग रेला ब) रेला गत क) गत रेला

ब) सही जोडियाँ लगाएँ। (5)

| | |
|---|---|
| 1. कुआड | अ) दो मात्रामें '5 $\frac{1}{2}$ 'मात्रा |
| 2. बिआड | ब) दो मात्रामें '2 $\frac{1}{2}$ 'मात्रा |
| 3. सवा दो गुन | क) दो मात्रामें '3 $\frac{1}{2}$ 'मात्रा |
| 4. पौनेतीन गुन | ड) दो मात्रामें '3' मात्रा |
| 5. आड | इ) दो मात्रामें '4 $\frac{1}{2}$ 'मात्रा |

**प्र.4.** सोदाहरण परिभाषाएँ लिखिए। (कोई 3) (5x3)

1) फरमाईशी गत 2) उठान 3) कमाली चक्रदार 4) रौ 5) नौहक्का

**प्र.5.** भारतीय संगीत में प्रयुक्त होनेवाले निम्नलिखित वाद्यों के बारे में विस्तत विवरण कीजिए। (5x3)

अ) तानपुरा ब) ढोलक क) संबल

**प्र.6.** पं.भातखंडे एवंम् पं.पलुस्करताललिपि के बारे में विस्तृतता से लिखकर दोनों लिपियों के गुण-दोषों की चर्चा करें तथा दोनों ताललिपियों में कोई एक ताल पूर्णरुपसे लिपिबद्ध करें। (7+4+4=15)

**प्र.7.** क्रिया, जाति और यति का विस्तृत विवेचन करें। (5+5+5=15)